53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 14.0°c अधिकतम 27.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:26, सूर्यास्त - 6:28 | वर्ष : 53/ अंक : 75 | मंगलवार, 18 मार्च 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

लक्ष्य सही होना चाहिए, काम तो दीमक भी दिन-रात करती है, पर वो निर्माण नहीं विनाश करती है।

पैट्रोल डीजल सस्ता खरीद कर महंगा बेच रही है सरकार : खड़गे

बहुत नाइन्साफी है ये.....

युवक ने की बेशर्मी की हदें पार, युवती के नाम और मोबाइल नम्बर के पोस्टर गांव के खम्भों पर चिपकाए



मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। आवारा युवकों के हौसले योगी सरकार में भी कम होने का नाम नहीं ले रहे। आए दिन कोई न काई प्रकरण ऐसा सामने आता है, जो शर्मसार करने वाला होता है। ऐसा ही एक मामला तितावी क्षेत्र के एक गांव का सामने आया, जहां लड़वा के रहने वाले एक युवक ने एक युवती का मोबाइल नम्बर लिखकर उसके नाम पर आपत्तिजनक बातें लिखते हुए गांव के खम्भों व दीवारों पर पोस्टर चिपका दिये। युवती का कहना है कि वह एक निजी कम्पनी में नौकरी करती है और पिन्नू नाम का युवक आते-जाते उसे रास्ते में रोकने का प्रयास करता था। उसके न रुकने पर वह रोज उसे बदनाम करने की धमकियां देता रहा। पहले युवती द्वारा इन सब बातों को नजरअंदाज किया गया मगर युवक यहां पर भी नहीं रुका और उसने फोन पर धमकियां देते हुए कहा कि वह उसे पूरी तरह बदनाम कर देगा। इस बात को भी युवती ने नजरअंदाज कर दिया मगर कुछ दिन बाद युवक की हरकत से युवती को शर्मसार तब होना पड़ा, जब इस युवक ने अपने कहे अनुसार युवती से इतनी बड़ी हरकत कर डाली कि उसके मोबाइल नम्बर व उसके लिए गंदी बातें लिखकर गांव के खम्भों पर उसके पोस्टर लगा दिये। घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया और अपनी यह पीड़ा युवती व उसके भाई ने मीडिया के सामने व पुलिस के समक्ष रखी। युवती की शिकायत पर थाना प्रभारी ने जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कही। थाना प्रभारी के मुताबिक युवक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। युवक की घिनौनी हरकत से पूरे क्षेत्र में गुस्से का माहौल है और फिलहाल क्षेत्र के लोग पुलिस से जल्द से जल्द इंसाफ की मांग कर रहे हैं। युवती का कहना है कि यदि उसे न्याय न मिला तो वह थाने में जाकर ही आत्मदाह कर लेगी।

साठ वर्षीय निर्लज्ज वृद्ध ने की युवती से जोर-जबरदस्ती, पंचायत ने मारे दो जूते

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र में एक बेहद शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जिसमें 60 वर्षीय एक वृद्ध किसान ने गांव की एक 23 वर्षीय युवती से छेड़छाड़ की। युवती के परिवार के लोगों का कहना है कि रंगों के पर्व होली की शाम हुई इस घटना ने पूरे क्षेत्र के लोगों को उस समय हैरत में डाल दिया, जब 60 वर्षीय एक वृद्ध किसान की करतूत सामने आई। जिसने भी यह घटना सुनी उसने कानों पर हाथ रख लिया कि शायद यही घोर कलयुग है कि अपनी पोती की उम्र की युवती के साथ कोई बुजुर्ग ऐसा भी कर सकता है।

आपको बता दें कि 15 मार्च 2025 की शाम युवती जब उपले पाथने के लिए घर से गोबर लेने जा रही थी, तो आरोप है कि 60 वर्षीय बुजुर्ग युवती को खींचकर ट्यूबवैल के कमरे में ले गया। आरोप है कि बुजुर्ग ने युवती के कपड़े फाड़ दिये और उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता के शोर मचाने के बाद किसी तरह युवती ने अपनी इज्जत बचाई और परिवार के लोगों को आकर इसकी सूचना दी। क्षेत्र में उक्त खबर जब आग की तरह फैली तो गांव में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया। मामले को रफा-दफा करने के लिए उसी रात पंचायत बुलाई गयी, मगर पंचायत में उमड़ी भीड़ इतनी आक्रोशित थी कि वह किसी भी बात में समझौता करने को तैयार नहीं हुई। बताया जाता है कि गुस्साए लोगों ने बुजुर्ग की जमकर पिटाई भी की। हालात बिगड़ते देख पंचों ने बीच-बचाव किया और फैसला लिया गया कि बुजुर्ग को दो जूते मारे जाएंगे। पंचायत के फैसले के अनुसार बुजुर्ग को एक दूसरे बुजुर्ग द्वारा ही दो जूते लगाए गए मगर उसी समय किसी ने छेड़छाड़ करने वाले निर्लज्ज बुजुर्ग का वीडियो अपने कैमरे में कैद कर लिया और इसे सार्वजनिक कर दिया।

बताया गया कि पंचायत द्वारा दो जूतों की मार के बाद भी पीड़िता के परिजन संतुष्ट नहीं हुए तो 16 मार्च की दोपहर उन्होंने पूरा मामला पुलिस में दर्ज कराया, लेकिन उक्त मामले की खबर आरोपी के समर्थकों तक पहुंची तो भाकियू के कार्यकर्ता उसके पक्ष में उतर आए। यूनियन के कार्यकर्ताओं ने छेड़छाड़ के आरोप को झूठा और बेबुनियाद बताया और कहा कि खेत में घुसने की रोक-टोक पर युवती बुजुर्ग पर मनगढ़ंत आरोप लगा रही है।

योगी ने किया मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण

सहारनपुर, 17 मार्च (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन विश्वविद्यालय के मॉडल का भी अवलोकन किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन और विश्वविद्यालय के अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के निरीक्षण के दौरान एडमिन ब्लॉक, लाइब्रेरी ब्लॉक, गर्ल्स हॉस्टल ब्लॉक, ब्वॉयज हॉस्टल ब्लॉक, वीसी रेजिडेन्स, फैसिलिटी सेण्टर, कैन्टीन, विद्युत सब-स्टेशन, पुलिस चौकी, हेल्थ सेन्टर, बाउन्ड्री वॉल इत्यादि के निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य एवं उनकी बेहतर शिक्षा के प्रति संवेदनशील है। उच्च शिक्षा के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के उन्नयन में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर बेहतर योगदान देगा। ऐसे में निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। योगी ने कार्यदायी संस्था को विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यो को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि सम्बन्धित फर्म विश्वविद्यालय के एडमिन ब्लॉक, एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक, वीसी हाउस, बाउण्ड्री वॉल, सड़क व सीवर सहित समस्त वा' कार्यो का निर्माण प्राथमिकता के साथ पूर्ण करे। अतिरिक्त मैनपावर लगाकर निर्माण कार्यो में तेजी लायी जाए। धन की किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में प्रगति नहीं आने पर जिलाधिकारी को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुए नगीना सांसद चन्द्रशेखर

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना से सांसद चन्द्रशेखर आजाद समेत 14 आरोपी आज मुजफ्फरनगर कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने प्रार्थना पत्र पर सभी के वारंट रिकॉल करा दिये। आपको बता दें कि 6 अप्रैल 2021 को आचार संहिता उल्लंघन के मामले में शहर कोतवाली में तैनात एसआई प्रवीण कुमार द्वारा कोविड अधिनियम के तहत नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद व उनके अन्य 14 कार्यकर्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त मामले में रोहाना टोल पर सभी ने एकत्रित होकर कोविड नियमों का उल्लंघन किया था। रोहाना टोल से नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद व उनके समर्थक बहेड़ी गांव की ओर चले गए थे, जहां उनके द्वारा एक सभा की गयी और पुलिस को सभा की अनुमति नहीं दिखाई गयी। इस मामले में पुलिस की ओर से चार्जशीट दाखिल की गयी थी, जिसकी सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट में चल रही है। इस मामले में पिछली तारीख पर सांसद व उनके समर्थक पेश नहीं हुए थे, जिसमें सांसद समेत 14 के गैर जमानती वारंट कोर्ट द्वारा कर दिये गए थे। आज सोमवार को नगीना सांसद व सभी 14 आरोपी कोर्ट पहुंचे और अपने वारंट रिकॉल कराने के प्रार्थना पत्र दिये, जिस पर कोर्ट ने उनके वारंट रिकॉल कर दिये। वहीं प्रार्थना पत्र देते हुए उन्होंने यह भी बताया कि कोविड अधिनियम के मुकदमे खारिज करने के आदेश शासन द्वारा पहले से ही जारी कर दिये गए थे, वहीं आचार संहिता उल्लंघन का मामला पुलिस की ओर से दर्ज कराया गया है, जबकि यह मुकदमा परिवाद के रूप में प्रशासनिक अधिकारी की ओर से दर्ज होना था। उनके प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 29 मार्च तय की है।

चन्द्रशेखर ने दी सीओ अनुज चौधरी को राय, बोले-सरकार बदली तो यही भाजपाई तुम्हें दूध में से मक्खी की तरह निकालकर फेंक देंगे

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। सोमवार को कोर्ट में पेश हुए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चन्द्रशेखर ने मीडिया से बातचीत करते हुए अनुज चौधरी के सवाल पर कहा कि सीओ अनुज चौधरी किसान पुत्र हैं। ऐसे में राजनीति का शिकार न हो जाएं। उन्होंने कहा कि ये सरकारें हैं आज भाजपा की है तो कल किसी और की होगी। और जब सरकार बदलेगी तो यही भाजपाई उन्हें दूध में से मक्खी की तरह निकालकर न फेंक दें। इसी के साथ-साथ उन्होंने मांग की कि जातीय जनगणना के आधार पर दलितों, पिछड़ों और शोषित की लड़ाई लड़ने वाले कांशीराम को भारत रत्न मिलना चाहिए। उन्होंने इसी क्रम में अनुज चौधरी को होली के पर्व पर इस तरह की बयानबाजी न करने की राय भी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयानों से वे सरकार को फायदा पहुंचा रहे हैं, मगर इस बात से उन्हें कभी कोई लाभ नहीं मिलेगा।

पड़ोसी के अतिक्रमण से तंग दुकानदार ने दस दिन से कर रखी है दुकान बंद

दुकान के बाहर पोस्टर किया चस्पा

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। नई मण्डी में अतिक्रमण से मानसिक पीड़ा का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है, जिसमें एक छोटा सा कोल्ड ड्रिंक व चाय बेचने वाला दुकानदार पड़ोसी दिनेश के अतिक्रमण से इतना तंग हो गया कि उसे अपनी दुकान का शटर ही बंद करना पड़ा, इतना ही नहीं दुकानदार ने एक दो दिन नहीं बल्कि पिछले दस दिनों से अपनी दुकान का शटर बंद कर रखा है। आज इस दुकानदार ने अपनी पीड़ा बुलेटिन को बताई तो बुलेटिन ने इस मामले को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व समाचार पत्र के माध्यम से सार्वजनिक किया। जैन ड्रिंक के नाम से दुकान करने वाले नितिन जैन ने बताया कि वह अपने पड़ोसी न्यू रेंज गिफ्ट्स के नाम से दुकान करने वाले दुकानदार से पूरी तरह त्रस्त है। पड़ोसी दुकानदार पहले अपनी बाहर लगी छतरी को खोलता है, उसके बाद उसके आगे टैड़ी आदि सामान टांगकर उसकी दुकान को पूरी तरह से ढक देता है। उसने दुकान को कई बार समझाने का प्रयास किया मगर कोई हल नहीं निकला। अपना मानसिक व आर्थिक नुकसान होने के बाद उसने दुकान बंद करना ही उचित समझा। दुकानदार का बताना है कि उसने दस दिन पहले अपनी दुकान बंद कर दी थी, मगर अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया।

दुकानदार बोला - इस शहर में न नेता सुनते न अधिकारी, हर जगह धक्के खा चुका दुकानदार

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। नई मण्डी के दुकानदार का कहना है कि इस मुजफ्फरनगर में किसी की पीड़ा कोई नहीं सुनता। कई बार बताने के बाद भी न तो उसकी समस्या का हल किसी व्यापार मण्डल के नेता ने किया और न किसी अधिकारी ने। वह स्वयं नगर मजिस्ट्रेट को इस बात की शिकायत लगभग 12 दिन पहले देकर आया था, उसके बाद समाधान न होने के चलते मुख्यमंत्री पॉर्टल पर इसकी शिकायत की गयी थी, मगर किसी ने उसकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसलिए निराश होकर उसे खुद को ही यह कदम उठाना पड़ा। उसका कहना है कि पड़ोसी दुकानदार की तानाशाही दिन पर दिन बढ़ती ही जा रही है, क्योंकि कई जगह शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही प्रशासन द्वारा अमल में नहीं लाई गयी, इसलिए पड़ोसी दुकानदार को अतिक्रमण की शह मिल चुकी है। फिलहाल दुकानदार ने समाचार पत्र के माध्यम से अपनी व्यथा बताकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

सत्रहवाँ रोजा - 18-03-2025
सुन्नी 6:29 | इफ़तार | शिया 6:38

रमजान- 2025

अठारहवाँ -19-03-2025
सुन्नी 4:56 | सहरी | शिया 4:52

हाजी अकरम (कल्लू)
अध्यक्ष- नगर पंचायत, शाहपुर

GOLDEN PUBLIC SCHOOL
Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSIONS OPEN 2025-26
PLAY TO IX & XI (Science, Commerce & Humanities)

"THE FUTURE OF YOUR CHILD BEGINS HERE"
- Safe and Secure CCTV Campus, Lush Green & Pollution Free Environment
- Truly Dedicated, Committed and Trained Teachers
- 100% Board Result of Class X and XII
- Focus on Effective Communication Skills
- Participation of Students in Olympiads, Interschool, State, National and International (Model United Nations) Events
- Transport Available on All Routes

• NO ADMISSION FEE FOR CLASSES PLAY TO VI
• SIBLING DISCOUNT

Registration forms are available for admission on all working days between 10:00 am to 03:00 pm
PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Email: golden.publicmzn@gmail.com | Talk with us: 0131-2413427, +91 9997589620
Website: www.gpsmzn.in | goldenpublicschoolmuzaffarnagar

मुजफ्फरनगर में पहली बार
चश्मा हटवायें
Bladeless, Touchless
लेसिक लेजर द्वारा
पारस नेत्रालय
डॉ. सुमित जैन M.S. (Ophth.), F.M.R.F. नेत्र रोग विशेषज्ञ
✓ मोतियाबिन्द ऑपरेशन फैको विधि द्वारा
✓ रेटिना क्लीनिक
✓ शुगर रोगियों की आंखों के पर्दे का इलाज
Cashless Insurance की सुविधा उपलब्ध है For All Insurance Companies
NABH
शुक्रवार अवकाश
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर, सम्पर्क - 9634049928, 8433289767

लायंस क्लब मुजफ्फरनगर सेंट्रल सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बुस.)। मेरठ रोड स्थित मूलचन्द रिजॉर्ट में आयोजित तीसरी डिस्ट्रिक्ट 321-सी-1 को कैबिनेट मीटिंग में लायंस क्लब सेंट्रल द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहना प्राप्त हुई। मीटिंग में पूरे डिस्ट्रिक्ट के सभी डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट व सभी अन्य लायंस क्लबों के पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व अध्यक्ष लायन मानव शेखर को वर्ष 2022-2023 के लिए लायंस इंटरनेशनल क्लब एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष लायन श्रेय जैन को दिसम्बर माह में शुक्रताल में किए गए स्वेटर डिस्ट्रीब्यूशन एक्टिविटी के लिए बेस्ट क्लब अवार्ड प्राप्त हुआ और डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन नील कमल पुरी को क्लब एक्सटेंशन अवार्ड से नवाजा गया। इन पुरस्कारों का वितरण जिला 321-सी1 के गवर्नर लायन ए.के. मित्तल द्वारा अन्य कैबिनेट सदस्यों और पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नरों के साथ मिलकर किया गया।

ट्रंप ने शेयर किया, चीन भी खुश हुआ... पीएम मोदी के एक इंटरव्यू ने लगा दिए दो निशाने

नई दिल्ली, 17 मार्च (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाद अब चीन ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। चीन ने भारत-चीन संबंधों पर पीएम मोदी की सकारात्मक टिप्पणी की सराहना की। पीएम मोदी ने मतभेद के बजाय संवाद को तरजीह दी है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सोमनार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणियों पर पूछे गए एक सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चीन ने चीन-भारत संबंधों पर प्रधानमंत्री मोदी के हालिया सकारात्मक टिप्पणी पर ध्यान दिया है और इसकी सराहना करता है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी का पॉडकास्ट इंटरव्यू शेयर किया था। हालांकि उन्होंने कोई टिप्पणी इस पर नहीं की है। माओ ने कहा कि अक्टूबर में रूस के कजान में प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सफल बैठक ने द्विपक्षीय संबंधों के सुधार और विकास के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण आम सहमतियों पर गंभीरतापूर्वक अमल किया है। आदान-प्रदान को मजबूत किया है और सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा,''मैं इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि 2000 से अधिक सालों के आपसी संबंधों के इतिहास

में दोनों देशों ने मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान बनाए रखा है। दोनों देशों ने सभ्यतागत उपलब्धियों और मानव प्रगति में योगदान देते हुए एक-दूसरे से सीखा है।'' उन्होंने कहा कि दो सबसे बड़े विकासशील देशों के रूप में, चीन और भारत ने अपने विकास और पुनरोद्धार में तेजी लाने के कार्य को साझा किया है और एक-दूसरे की सफलताओं को समझते हैं और उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह 2.8 अरब से अधिक लोगों के मौलिक हितों की पूर्ति करता है, क्षेत्रीय देशों की साझा आकांक्षाओं की पूर्ति करता है और ग्लोबल साउथ के मजबूत होने और विश्व शांति के लिए अनुकूल होने की ऐतिहासिक प्रवृत्ति का अनुसरण करता है। उन्होंने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बयान को दोहराते हुए कहा कि दोनों देशों को ऐसा साझेदार बनना चाहिए, जो एक-दूसरे की सफलता में योगदान दें और हाथी (भारत) और ड्रैगन (चीन) का तालमेल बिठाकर साथ चलना ही दोनों देशों के संबंधों के लिए एकमात्र सही विकल्प है। उन्होंने कहा कि चीन दोनों नेताओं के बीच महत्वपूर्ण आम सहमति को लागू करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीन राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ को एक अवसर के रूप में लेगा और द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सुदृढ़ विकास के पथ पर आगे बढ़ाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने कहा हाथी और ड्रैगन का साथ चलना ही दोनों देशों के संबंधों के लिए एकमात्र सही विकल्प है। पीएम मोदी मोदी ने अपने पॉडकास्ट में कहा कि पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों की सेनाओं के बीच 2020 में हुई झड़पों से उत्पन्न तनाव को कम करने के लिए राष्ट्रपति शी के साथ उनकी हालिया बातचीत के बाद भारत-चीन सीमा पर सामान्य स्थिति लौट आई है। विश्व के दो सर्वाधिक जनसंख्या वाले देशों के बीच संबंधों के प्रति आशावादी रुख अपनाते हुए मोदी ने कहा कि पड़ोसियों के बीच मतभेद स्वाभाविक हैं। उन्होंने उनके बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया, जब दोनों सभ्यताएं एक-दूसरे से सीखती थीं तथा उनके बीच बहुत कम संघर्ष होता था।

कश्यप एकता क्रांति मिशन व कश्यप एकता समिति ने किया विरोध-प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। बीते दिवस जनपद के खतौली थाना क्षेत्र में दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट व फायरिंग करने के मामले में सोमवार को कश्यप एकता क्रांति मिशन एवं कश्यप एकता समिति के दर्जनों पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार को साथ लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच डीएम के नाम प्रशासन को सौंपे शिकायती पत्र में स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने के आरोप लगाते हुए इस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। सोमवार में खतौली थाना क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी पीड़ितों को लेकर कश्यप एकता क्रांति मिशन व कश्यप एकता समिति के पदाधिकारी डीएम कार्यालय पर पहुंचे। जिला प्रशासन को सौंपे शिकायती पत्र में पदाधिकारियों ने बताया कि होली पर्व के दिन सायं गांव के करीब आधा दर्जन घरों में

घुसकर दबंगों ने मारपीट व गाली गलौच की थी। उसके बाद करीब 10:30 बजे रात्रि में गौरव उर्फ भूरा, उत्तम, शुभम, अर्जुन, मनीष, समीर आदि ने फिर से एकराय होकर षडयंत्र रचकर हाथों में लोहे की रोड, धारदार हथियार एवं तमंचे लेकर आये थे और परविन्द्र के घर के दरवाजे तोड़कर घर में घुस गए और जान से मारने की नीयत से उसके साथ मारपीट की। उन्होंने घायलों को थाने में जाने से भी रोका। आरोप है कि इन लोगों ने दबंगई दिखाते हुए जान से मारने की नीयत से फिर अवैध हथियारों से गोलियां भी चलाई। आरोपियों ने गांव में दहशत, भय व आतंक का माहौल पैदा कर दिया है। प्रदर्शन कर रहे कश्यप समाज के पदाधिकारियों ने डीएम समेत अन्य अधिकारियों से मांग की कि दोषियों पर मुकदमा दर्ज किए जाने के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी कराए जाने के आदेश थानाध्यक्ष खतौली को दिए जाये। वहीं पीड़ितों की सुरक्षा हेतु गांव ताजपुर में पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ परिवार को सुरक्षा मुहैय्या कराई जाए। इस दौरान अंकित कश्यप, बोबी, सोनू, मनोज, दीपक, सतेन्द्र, मोहित, अर्जुन, सुमित, अनुज, संजीव, धर्मवीर, विकास, कपिल, सौरभ, अंकित आदि मौजूद रहे।

चोरी का भैंसा बेंचने वाले चोर को मारपीट कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

बुढ़ाना, 17 मार्च (बु.)। एक ग्रामीण का भैंसा चोरी करके उसको दूसरे गांव में जाकर ओने-पौने दामों में बेंचने वाला शक के चलते धरा गया। ग्रामीणों ने चोर की पिटाई कर भैंसे सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने चोर से पूछताछ शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव बड़ौदा निवासी राम किशन सिंह का भैंसा सोमवार के दिन रोजाना की भांति घेर में बंधा हुआ था। रामकिशन के परिजन घरेलू कामों में लगे हुए थे कि एक चोर ने मौका पाकर घेर में घुसकर बंधे भैंसें को खोल लिया और पैदल ही लेकर जंगलों के रास्ते होता हुआ बुढ़ाना कोतवाली की दूसरी पुलिस चौकी गढ़ी सखावतपुर क्षेत्र के गांव विज्ञाना में आ गया और वहां पर मिले काजिम अहमद को बोला कि वह मजबूरीवश अपना भैंसा कुल 20 हजार रुपए में बेंचना चाहता है, तो इतने कम दाम सुनकर काजिम अहमद को कुछ शक सा हुआ और उसने पूछा कि सच बताओ भैंसा किसका है, तो वो सकपका गया और कुछ से कुछ बोलने लगा, तब वह भैंसा वहीं छोड़कर मौका पाकर भागने लगा, तो काजिम अहमद ने शोर मचा दिया, तो मौके पर आए लोगों को समझते देर नहीं लगी और उन्होंने उक्त युवक को घेरकर पकड़ लिया और हल्की फुल्की मारपीट कर किसी की सूचना पर मौके पर आई बुढ़ाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस युवक को भैंसे सहित पकड़कर कोतवाली ले गयी और जिसका भैंसा चोरी हुआ था, उसको खबर कर दी। समाचार लिखे जाने तक बुढ़ाना पुलिस चोर से पूछताछ करने में लगी हुई थी।

सम्मन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सदर मुजफ्फरनगर

वाद सं0 T202409550101987 सन्-2024

1 - सत्यपाल सिंह पुत्र श्री राजाराम (मृतक) 1/1-संजीव कुमार, 1/2-संदीप कुमार पुत्रगण स्व. सत्यपाल, 1/3-श्रीमति कमलेश देवी पत्नी स्व. सत्यपाल, 2-रामेश्वर उपनाम कालू पुत्र जयपाल, 3-श्रीमति राजबीरी पत्नी स्व. जयपाल, 4-भोपाल सिंह, 5-चन्द्रपाल सिंह, 6-रामवीर सिंह, 7-विनोद कुमार, 8-कृष्णपाल सिंह पुत्रगण श्री महावीर सिंह, 9-श्रीमति सुखबीरी पत्नी श्री महावीर सिंह निवासीगण-ग्राम मौहम्मदपुर माडन, परगना बघरा, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर .....वादीगण

बनाम

1-हरेन्द्र पुत्र श्री धर्मपाल सिंह, 2-धीरज पाल पुत्र श्री चरणसिंह, 3-राजकुमार पुत्र श्री चरणसिंह (मृतक), 3/1-अमरदेई पत्नी चरणसिंह, 3/2-चरणसिंह पुत्र नाहरसिंह, 4-सत्यवीर पुत्र श्री चरणसिंह, निवासीगण-ग्राम मौहम्मदपुर माडन, परगना बघरा, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 5-ग्राम पंचायत ग्राम मौहम्मदपुर माडन, परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा ग्राम प्रधान..... -प्रतिवादीगण

मौजा- मौहम्मदपुर माडन
धारा-116 यू.पी.आर.सी.-2006

दरगाह वादी ने आपके नाम उक्त वाद नालिश बाबत तकसीम हेतू दायर कर रखा है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 19/03/2025 को 10 बजे प्रातः में असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमा हालात करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुतालिका मुकदमा को जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्श हो जो कि जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर और जवाबदेही और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हों, पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजरी आपके मसमूह फैसला होगा।

बस्ब मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में आज बतारीख 17.03.2025 को जारी किया गया।

सील न्यायालय

(रीडर)
न्यायालय उपजिलाधिकारी, सदर,
सदर, मुजफ्फरनगर

यूपी में चली तबादला एक्सप्रेस, 11 पीपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर; 6 ट्रेनी डीएसपी को भी मिली तैनाती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में तबादलों का दौर जारी है। सोमवार को राज्य सरकार ने प्रांतीय पुलिस सेवा के 11 अधिकारियों के तबादले किए हैं। प्रयागराज महाकुंभ में तैनात पुलिस उपाधीक्षकों को भी नई तैनाती दी गई है। मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात पुलिस उपाधीक्षक नितेश प्रताप सिंह को पुलिस उपाधीक्षक बिजनौर राजीव प्रताप सिंह को पुलिस उपाधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक हमीरपुर बनाया गया है। प्रदेश सरकार ने सोमवार को प्रांतीय पुलिस सेवा के 11 अधिकारियों के तबादले कर दिए। प्रयागराज महाकुंभ में तैनात पुलिस उपाधीक्षकों को भी सरकार ने नई तैनाती दे दी है। मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात पुलिस उपाधीक्षक नितेश प्रताप सिंह को पुलिस उपाधीक्षक बिजनौर, राजीव प्रताप सिंह को पुलिस उपाधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक हमीरपुर बनाया गया है। अंकित कुमार-1 पुलिस उपाधीक्षक, सुरक्षा मुख्यालय से हरदोई का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। आस्था जायसवाल को सहायक पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा से पुलिस उपाधीक्षक आजमगढ़, जयेन्द्र नाथ अस्थाना को सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक हाथरस, संदीप कुमार वर्मा को पुलिस उपाधीक्षक कुंभ मेला प्रयागराज से कासगंज का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। राम कृष्ण चतुर्वेदी को पुलिस उपाधीक्षक कुंभ मेला प्रयागराज के पद से चित्रकूट का मंडलाधिकारी बनाया गया है। महेन्द्र सिंह देव को पुलिस उपाधीक्षक कुंभ मेला प्रयागराज से पुलिस उपाधीक्षक अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ, सुशील कुमार सिंह को पुलिस उपाधीक्षक अभिसूचना मुख्यालय से लखनऊ का मंडलाधिकारी, डा. कृष्ण गोपाल सिंह को पुलिस उपाधीक्षक कुंभ मेला प्रयागराज को पुलिस उपाधीक्षक फतेहपुर, प्रशाली गंगवार को पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर से सहायक पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर बनाया गया है।

शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही ना बरतें अधिकारी : एडीएम

जानसठ, 17 मार्च (बु.)। तहसील परिसर के सभागार में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान एडीएम व सीओ यतेंद्र नागर ने जनता की शिकायतों को सुना। समाधान दिवस में 17 शिकायतें दर्ज की गई। शनिवार को अवकाश होने के कारण सोमवार कोआयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएं, शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने शिकायतकर्ताओं की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। समाधान दिवस में कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नही हुआ। इस दौरान एसडीएम जयेंद्र सिह, सीओ यतेंद्र सिंह नागर, तहसीलदार सतीश चंद बघेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

शाहपुर में क्रांतिकारी हरनाम सिंह सैनी को बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

शाहपुर, 17 मार्च (बु.)। कस्बे के मौहल्ला सानियान में बलिदानी हरनाम सिंह सैनी के बलिदान दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर समाज योद्धा के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उसके बाद सैनी युवा संगठन व सैनी महापंचायत के पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। शाहपुर के मौहल्ला सानियान में अमन सैनी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के वीर योद्धा व क्रांतिकारी बलिदानी हरनाम सैनी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सैनी महापंचायत के हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप सूजमा ने कहा कि समाज के क्रांतिकारी योद्धा हरनाम सिंह सैनी पंजाब प्रांत के होशियारपुर जनपद के फतेहगढ़ गांव में जन्मे थे। उनके पिता गोपाल सैनी साधारण किसान थे। हरनाम सिंह सैनी ने अमेरिका व कनाडा में रहकर देश की आजादी के लिए लड़ने की तैयारी की थी, जहां पर उन्होंने कई पत्रिकाओं का प्रकाशन किया, जिन्हें पढ़कर वहां रहने वाले भारतीय ब्रिटिश हकूमत के विरुद्ध बगावत का बिगुल बजाने लगे थे। इसका पता लगने पर ब्रिटिश अधिकारियों के इशारों पर उन्हें बिना किसी सबूत के डच कालोनी बटाविया से गिरफ्तार किया और फिर सिंगापुर पुलिस को सौंपने के बाद उन्हें भारत के कोलकत्ता लाया गया, जहां से उन्हें लाहौर ले जाया गया था। उन पर लाहौर में तीसरे षड्यंत्र का मुकदमा चलाया गया। 05 जनवरी 1917 को उन्हें फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद 16 मार्च 1917 को उन्हें अन्य क्रांतिकारियों के साथ फांसी दी गयी थी। समाज के ऐसे बलिदानी वीर योद्धा हमेशा अमर रहेंगे। कार्यक्रम में युवाओं ने अपने इतिहास और परंपरा को सहेजने का संकल्प लिया। इस दौरान शूरसैनी क्षत्रिय महासभा सैनी समाज के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धांजलि सभा मे अमन सैनी, पिंटू सैनी, सुनील सैनी, निर्भय सैनी, अभिषेक सैनी, गजबी सैनी, मोहित सैनी, शिवम सैनी, निशांत सैनी, हर्षजीत सैनी प्रधान, भूरा सैनी, विक्की सैनी, दीपेन सैनी, वंश सैनी, अंशुल सैनी और अन्य कई राज्यों से आए समाज के युवा भी उपस्थित रहे।

गुर्जर सद्भावना सभा का मौ. रामपुरी में कार्यक्रम आयोजित

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। गुर्जर सद्भावना सभा द्वारा रामपुरी में गुर्जर समाज का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता गांधी पॉलिटेक्निक के पूर्व प्राचार्य रामपाल सिंह ने की। कार्यक्रम में सभा के अध्यक्ष रामपाल सिंह ने कहा कि गुर्जर सद्भावना सभा बीते 30 वर्षों से समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुए पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी समाज के बहुमुखी विकास के लिए बेहतरीन कार्य करते हुए नई पहचान देंगे और इस संगठन को और अधिक ऊंचाई तक ले जाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में बीते दिनों चयनित गुर्जर गौरव वैशाली पुत्री मा. नरेंद्र सिंह निवासी छपरा एवं सतबीर सिंह निवासी बीजोपुरा के पुत्र के चयनित होने पर उन्हें प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि

देश के इतिहास में आज तक केवल 9 सम्राट हुए, इनमें सम्राट मिहिर भोज, सम्राट कनिष्क और सम्राट मिहिरकुल हूण तीनों सम्राट गुर्जर थे तथा उन्होंने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हमारी युवा पीढ़ी को गुर्जर सम्राटों के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन के पथ पर आगे बढ़ने का कार्य करना चाहिए। इस दौरान अभिषेक चौधरी ने कहा कि समाज की अग्रिम पंक्ति के लोगों का मूल दायित्व है कि वे समाज में फैल रही सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास, शिक्षा, स्वावलंबन, जीवन में निरंतर हो रहे नैतिक मूल्यों के पतन आदि गंभीर विषयों पर अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने गुर्जर सद्भावना सभा के उद्देश्यों एवं कार्यों के बारे में सदन को अवगत कराया। ओपी चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों को संस्कार सिखाने के लिए सबसे जरूरी है कि अभिभावकों को अपने से बड़े बुजुर्गों और अपने से छोटों का सम्मान करना आना चाहिए। वहीं देशराज चौहान जिलाध्यक्ष अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल ने कहा कि समाज में शिक्षा के साथ व्यापार में भी आगे बढ़ने की आवश्यकता है। जय किसान आंदोलन के मंडल अध्यक्ष वेदपाल सिंह गुर्जर ने कहा कि हमें समाज की प्रतिभाओं को संवारने के लिए कार्य करना चाहिए तथा उनकी हर संभव मदद करनी चाहिए। नरेंद्र पंवार साधु ने कहा कि समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है पर राजनीतिक हिस्सेदारी में अभी भी उतना आगे नहीं आया है। गुर्जर सद्भावना सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनीत बैंसला ने कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी आज दी है, उसको तन-मन और धन से पूरा किया जाएगा। इच्छराम ने कहा कि आगामी 23 मार्च को रामपुर तिराहा स्थित गुर्जर हॉस्टल में अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा।

सड़क चौड़ीकरण को लेकर महापंचायत आज

चरथावल, 17 मार्च (बु.)। विकासखंड चरथावल में सड़क चौड़ीकरण एवं अवैध कब्जा हटवाने की मांग को लेकर चल रहे धरने पर पहुंचे कई किसान संगठनों ने अपना समर्थन देने की घोषणा की, वहीं आज विकासखंड चरथावल पर सड़क चौड़ीकरण को लेकर एक महापंचायत का आयोजन होगा, जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी एवं आगामी आंदोलन को लेकर विचार विमर्श किया जायेगा। चरथावल में सड़क चौड़ीकरण एवं अवैध कब्जा हटवाने की मांग को लेकर वरुण त्यागी के नेतृत्व में कई दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। सोमवार को भाकियू अराजनैतिक के पूर्व जिलाध्यक्ष अंकित चौधरी, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष व त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षु त्यागी, पूर्व युवा ब्लॉक अध्यक्ष व त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान ने चरथावल विकासखंड पर सड़क चौड़ीकरण एवं अवैध कब्जा हटवाने की मांग को लेकर चल रहे धरने पर पहुंचकर

अपना समर्थन दिया एवं कल होने वाली सर्वसमाज महापंचायत में समर्थन की घोषणा की।

सलोनी की हत्या में नामजद सात आरोपित पुलिस पकड़ से दूर

जानसठ, 17 मार्च (बु.)। क्षेत्र के गांव तिलौरा में सलोनी की हत्या में नामजद सात आरोपित पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। पुलिस मुख्य आरोपित हरेंद्र को पूर्व में ही जेल भेज चुकी है। बृहस्पतिवार को गांव तिलौरा के जंगल में सलोनी अपनी मां अखलेश के साथ खेत पर बने देवस्थान पर पूजन के लिए गई थी। इसी दौरान उसके तहेरे भाई हरेंद्र उर्फ साधु पुत्र निर्मल सिंह ने अपने देवस्थान बताते हुए सलोनी को पूजा करने से रोका था, जिसको लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी। साधु ने बुग्गी से डंडा निकालकर सलोनी के सिर में मारकर उसको घायल कर दिया था, जिसकी जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। मृतका के भाई गौरव ने हरेंद्र उर्फ साधु पुत्र निर्मल सिंह, कृष्णवीर व सौरभ पुत्रगण जिले सिंह, जिले सिंह व निर्मल सिंह पुत्रगण बलबीर सिंह, सुक्के सिंह पुत्र निर्मल सिंह, नीरज पत्नी ओमवीर, ओमवीरी पत्नी जिले सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुख्य आरोपित हरेंद्र उर्फ साधु को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सलोनी हत्याकांड में बाकी सात नामजद आरोपितों को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस ने बाकी नामजद आरोपितों को गिरफ्तार करने को लेकर गांव में दबिशें भी दी, लेकिन अभी तक अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा का कहना है कि जल्द ही बाकी नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी।

शाहपुर थाने पर 27 वाहनों की नीलामी

शाहपुर, 17 मार्च (बु.)। थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 27 वाहनों की नीलामी कर 271400 रुपये का राजस्व प्राप्त किया है। सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि थाना शाहपुर पर न्यायालय के अनुपालन में वर्ष 2018 से खड़े माल मुकदमाती 27 वाहनों को नीलम करते हुए निस्तारण कराया गया। नीलाम किए गए वाहनों में 20 दो पहिया वाहन, छह चार पहिया वाहन व एक ई रिक्शा शामिल है। उन्होंने बताया कि इन 27 वाहनों की नीलामी से 271400 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस दौरान सीओ बुढ़ाना के अलावा, नायब तहसीलदार अमन सिंह व थानाध्यक्ष दीपक चौधरी आदि मौजूद रहे।

मेले में तीसरे दिन भी प्रसाद चढ़ाने वालों की रही भीड़

जानसठ, 17 मार्च (बु.)। क्षेत्र के गांव तिसंग में होली के पर्व के बाद हर वर्ष खेड़े पर लगने वाले दुर्गा मां के मेले में लोगों की तीसरे दिन भी भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। उन्होंने प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी। शनिवार को गांव तिसंग में लगने वाले मेले का उद्घाटन हुआ था। मेले के तीसरे दिन सोमवार को मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी, महिलाओं ने मंदिर में दुर्गा मां की पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। मेले की व्यवस्था बनाने में प्रधान पति रोशन लाल सैनी, पूर्व प्रधान लाल सुरजन सिंह, राकेश शर्मा, अरविंद शर्मा, सन्दीप, सुरेन्द्र, कय्यूम, राहुल सैनी, राजन वालिया, नवनीत कर्णवाल, अंकुर सैनी, अनवेशपाल आदि उपस्थित रहे। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा भी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

सम्मन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सदर मुजफ्फरनगर

वाद सं0 T202409550101996 सन्-2024

1-सत्यपाल सिंह पुत्र श्री राजाराम (मृतक) 1/1 - संजीव कुमार 1/2 - संदीप कुमार पुत्रगण स्व. सत्यपाल 1/3 - श्रीमति कमलेश देवी पत्नी स्व. सत्यपाल 2-रामेश्वर उपनाम कालू पुत्र जयपाल 3-श्रीमति राजबीरी पत्नी स्व. जयपाल 4-भोपाल सिंह 5-चन्द्रपाल सिंह 6- रामवीर सिंह, 7-विनोद कुमार, 8-कृष्णपाल सिंह पुत्रगण श्री महावीर सिंह, 9-श्रीमति सुखबीरी पत्नी श्री महावीर सिंह निवासीगण ग्राम मौहम्मदपुर माडन, परगना बघरा, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर .....वादीगण

बनाम

1-सिंहराम पुत्र लिज्जा (मृतक) 1/1- नरेश 1/2 - सुधीर पुत्रगण सूवा सिंह 1/3 - इन्द्रसिंह पुत्र रामस्वरूप 1/4-कृष्णपाल 1/5 - रामपाल सिंह 1/6 - राकेश पुत्रगण दलेल 1/7-संजीव कुमार 1/8-कुशवीर पुत्रगण फेरू, 2-कृष्णपाल, 3 -रामपालसिंह, 4-राकेश पुत्रगण दलेल 5-सुवा सिंह पुत्र मुख्त्यारा (मृतक) 5 / 1- नरेश, 5/- सुधीर पुत्रगण सूवासिंह 6-इन्द्रसिंह पुत्र श्री रामस्वरूप, 7-देशपाल सिंह, 8-चरणपाल सिंह, 9- सुरेन्द्र सिंह पुत्रगण नाहर सिंह, 10-हरेन्द्र पुत्र श्री धर्मपाल सिंह, 11-महेन्द्रसिंह पुत्र श्री ज्ञाना (मृतक), 11/1 देवेन्द्र, 11/2 मदन, 11/3 राजेन्द्र पुत्रगण स्व. महेन्द्रसिंह, 12-ओमसिंह, 13-रिषीपाल पुत्रगण श्री ज्ञाना पत्नी फेरूसिंह, 14- श्रीमती जसबीरी पत्नी फेरू सिंह, 15-संजीव कुमार, 16-कुशलवीर सिंह पुत्रगण श्री फेरू सिंह, 17-श्रीमति लाली पत्नी प्रेमसिंह, 18-जीत सिंह, 19-सुभाष चौधरी, 20 - चांदपाल पुत्रगण श्री प्रेमसिंह, 21-अशोक, 22-ओमपाल, 23-ओमप्रकाश पुत्रगण श्रीचन्द, 24-गौरव कुमार, 25-रोहित कुमार पुत्रगण श्री कृष्णपाल, 26-श्रीमति सुनीता पत्नी श्री कृष्णपाल, 27-सतपाल पुत्र श्रीचन्द, 28-फेरूसिंह, 29-रविन्द्र सिंह, 30-योगेन्द्रसिंह, 31-बाबूराम पुत्रगण श्री लक्खीराम, 32-धर्मवीर, 33-रामकुमार, 34-बीरपाल पुत्रगण श्री नरसिंह, 35-श्रीमति रूपकलां पत्नी ओम प्रकाश, 36-अनुज पुत्र श्री ओमप्रकाश, 37-जयसिंह पुत्र श्री जहान सिंह, 38-जिले सिंह पुत्र श्री जहान सिंह (मृतक), 38/1- प्रदीप, 38/2- विकास, 38/3- सहदेव पुत्रगण स्व. जिलेसिंह, 39-रणधीर सिंह, 40- ब्रहमसिंह पुत्रगण श्री जहान सिंह, 41-प्रदीप कुमार पुत्र श्री जिलेसिंह, 42-श्रीमति मूर्ति देवी पत्नी रघुवीर सिंह, 43-प्रमोद कुमार, 44-मनोज कुमार पुत्रगण श्री रघुवीर सिंह, 45-गिरवर सिंह, 46-कटारसिंह पुत्रगण श्री हुकमचन्द 47-गजे सिंह, 48-सोमपाल पुत्रगण श्री तिलकराम, 49-ओमपाल, 50-नरेन्द्र कुमार पुत्रगण श्री सुखवीर सिंह, 51-जितेन्द्र, 52-दीपक, 53-नितिन पुत्रगण स्व. श्री रमेश 54-श्रीमति कमलेश देवी पत्नी स्व. श्री रमेश निवासीगण ग्राम मौहम्मदपुर माडन, परगना बघरा, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 55-ग्राम पंचायत ग्राम मौहम्मदपुर माडन, परगना व तहसील व जिला मुजफ्फर

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

प्रधानमंत्री का इंटरव्यू और ट्रम्प

एक विदेशी पॉडकास्टर ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का इंटरव्यू लिया। इस इंटरव्यू का खूब चर्चा हो रहा है, भारत ही में नहीं बल्कि कई देशों में हो रहा है। अब इस इंटरव्यू को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। चीन में भी इसका चर्चा है। पॉडकास्ट के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पाखंड की भी एक सीमा होती है, जो शख्स प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया के सामने आने से डरता है, उसे विदेशी पॉडकास्ट में आराम मिल गया है। इसके बाद जयराम रमेश मोदी समर्थकों के निशाने पर आ गाए। यह इंटरव्यू अमेरिकी पॉडकास्टर और एआई रिसर्चर लेक्स फ्रिडमैन ने लिया है। इस इंटरव्यू में प्रधानमन्त्री मोदी ने वैश्विक राजनीति और हिंदू धर्म सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की है। इस इंटरव्यू के दौरान पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपने मजबूत रिश्तों पर भी चर्चा की है। उन्हें एक दोस्त और नेता के रूप में ट्रम्प के बारे में क्या पसंद है? इस सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने एक पुरानी घटना का जिक्र किया। उन्होंने उस किस्से का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा ह्यस्टन में एक कार्यक्रम था 'हाउडी मोदी' मैं और राष्ट्रपति ट्रम्प वहां मौजूद थे, पूरा स्टेडियम लोगों से खचाखच भरा हुआ था। इतने लोगों का एक जगह पर एकत्र होना अमेरिका में बहुत बड़ी घटना थी। मैंने वहां अपना भाषण दिया, तो ट्रम्प नीचे बैठकर मुझे सुन रहे थे, ये उनका बड़प्पन है कि अमेरिका के राष्ट्रपति स्टेडियम में नीचे बैठकर सुन रहे हैं और मैं मंच पर भाषण दे रहा हूं। पीएम मोदी ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि भाषण देने के बाद मैं मंच से नीचे गया और मैंने ट्रंप से कहा कि आइए, हम जरा स्टेडियम का एक पूरा चक्कर लगाकर आते हैं, इतने लोग हैं तो सभी से नमस्ते करके आते हैं, तो एक पल का भी विलंब किए बिना अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मेरे साथ भीड़ में चल पड़े। इस दौरान अमेरिका का जो सुरक्षा तंत्र था, वो एकदम से बैचेन हो गया, लेकिन ये मेरे दिल को छू गया कि इस व्यक्ति में बहुत हिम्मत है। ये निर्णय खुद लेते हैं और उन्हें मोदी पर भरोसा है कि मोदी लेकर जा रहा है तो साथ चलते हैं। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जब ट्रम्प पर गोली चली, तो मुझे एक ही ट्रम्प नजर आए। स्टेडियम में मेरा हाथ पकड़कर चलने वाले ट्रम्प और गोली लगने के बाद भी अमेरिका के लिए जीने वाले ट्रम्प। पीएम मोदी ने कहा कि मैं 'भारत फर्स्ट' वाला हूं और ट्रम्प 'अमेरिका फर्स्ट' वाले हैं, तो हमारी जोड़ी बराबर जम जाती है। ट्रम्प की ये बातें अपील करने वाली हैं। यह इंटरव्यू तीन घंटे 17 मिनट का है, जो रविवार शाम को प्रसारित हुआ। डोनाल्ड ट्रंप के अलावा प्रधानमन्त्री मोदी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ अपने अनोखे डिनर का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने बताया कि एक बार ओबामा पीएम मोदी के खाने को लेकर चिंता में पड़ गए थे, जिसे पीएम मोदी ने डिनर टेबल पर दूर किया था। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ मेरा डिनर था, लेकिन उस वक्त अमेरिकी दौरे के दौरान मेरा उपवास चल रहा था। ऐसे में ओबामा चिंता में थे कि डिनर में मेरी खातिरदारी कैसे की जाए, इसके बाद मेरे लिए गर्म पानी आया, तो मैंने कहा मेरा डिनर आ गया। उन्होंने आगे कहा कि जब मैं दोबारा अमेरिका गया, तो ओबामा ने मुझसे कहा कि अब आपको डबल खाना, खाना पड़ेगा। इस इंटरव्यू पर पूरी दुनिया की नजर है। ट्रम्प के इस इंटरव्यू को शेयर करने के बाद चीन की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है। ग्लोबल टाइम्स ने प्रधानमन्त्री मोदी की चीन नीति की तारीफ की है। इस इंटरव्यू में प्रधानमन्त्री मोदी ने चीन को लेकर जिस भारतीय विदेश नीति की बात की है, उसने बीजिंग को खुश कर दिया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में चीनी एक्सपर्ट ने चीन-भारत संबंधों को मजबूत करने का पीएम मोदी के आह्वान को सकारात्मक बताया है। इस पॉडकास्ट में प्रधानमन्त्री मोदी द्वारा चीन के साथ अतीत के तनावों के बावजूद संबंधों को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने मतभेदों के बजाय संवाद और संघर्ष के बजाय सहयोग की वकालत की है। मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत और चीन को टकराव के बजाय स्वस्थ और स्वाभाविक प्रतिस्पर्धा में शामिल होना चाहिए। पीएम मोदी के इस विचार को चीनी एक्सपर्ट चीन-भारत संबंधों के लिहाज से व्यावहारिक दृष्टिकोण के रूप में देखते हैं और चीनी एक्सपर्ट ने स्वीकार किया है कि सहयोग और प्रतिस्पर्धा एक साथ हो सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं। आधुनिक दुनिया में भी, वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि आप ऐतिहासिक अभिलेखों को देखें, तो सदियों से भारत और चीन ने एक-दूसरे से सीखा है। साथ मिलकर, उन्होंने हमेशा किसी न किसी तरह से वैश्विक भलाई में योगदान दिया है। गोधरा कांड से जुड़े सवाल पर पीएम मोदी ने कहा कि यह अकल्पनीय त्रासदी थी और मुझे विधायक बने हुए सिर्फ तीन ही दिन हुए थे। पीएम मोदी ने कहा कि यह घटना सभी के लिए दुखद थी और हर कोई शांति पसंद करता है। पीएम मोदी ने कहा कि 27 फरवरी 2002 को हम बजट सत्र के लिए विधानसभा में बैठे थे और यह मेरा तीसरा दिन ही था। पीएम मोदी ने कहा कि यह धारणा बनाई गई है कि यह अब तक का सबसे बड़ा दंगा था, जो कि गलत सूचना है। अगर 2002 से पहले के आंकड़ों की समीक्षा करेंगे, तो गुजरात में लगातार दंगे हुए हैं। कहीं न कहीं लगातार कर्फ्यू लगाया जाता था। यहां पर पतंगबाजी या साइकिल टक्कर जैसी छोटी-मोटी बातों पर भी हिंसा भड़क जाती थी। 2002 से पहले गुजरात में 250 से अधिक बड़े दंगे हुए। 1969 में तो दंगे करीब 6 महीने तक चले। इसलिए यहां पर दंगों का एक लंबा इतिहास रहा है। पीएम मोदी ने गोधरा दंगे का कारण बताते हुए कहा कि ट्रेन में आगजनी की घटना ने कुछ लोगों को हिंसा के लिए प्रेरित किया। केंद्र में सत्ता में बैठे विरोधियों ने हमारी सरकार के खिलाफ आरोप लगाने की कोशिश की, लेकिन कोर्ट ने स्थिति को देखा और हमें निर्दोष पाया, जो लोग जिम्मेदार थे, उन्हें अदालत से न्याय मिला। पीएम मोदी ने कहा कि गोधरा के बाद गुजरात में किसी भी प्रकार का दंगा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जहां हर साल किसी ने किसी तरह के दंगे होते थे, वहां पिछले 23 सालों में एक भी बड़ा दंगा नहीं हुआ है और पूरी तरह से राज्य शांतिपूर्ण बना हुआ है।

चार रंग

सुनील उत्सव

'चेतना' 'जिन्दगी' 'अहम' 'सीख'

टूट जाता है अहम और दिखने लगती है कमी,
सीख भी मिलती है प्यारे आदमी को हार से।
हर निगेटिव चेतना को उसके रस्ते छोड़कर,
जिन्दगी फिर चल पड़ी है अपनी ही रफ़्तार से।

हत्यारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को महिला खा रही दर-दर की ठोकरें

बुढ़ाना, 17 मार्च (बु.)। योगी सरकार जहां महिलाओं को सम्मान देने की बात करती है, वहीं एक महिला अपने पति के हत्यारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर काट रही है। सोमवार को फुगाना सीओ कार्यालय पर पीड़िता ने अपनी पीड़ा बताई, लेकिन वहां उसे सीओ नहीं मिली। मौजूद पुलिसकर्मियों को उक्त पीड़िता ने बताया कि वह बुढ़ाना ब्लॉक के गांव सराय की बबली है। उसके पति लोकेश उर्फ कल्लू वैल्डिंग का कार्य करते थे। बीती 9 जनवरी को उसके घर पर गांव का मोनू पुत्र भोपाल आया। वह उसके पति संग वैल्डिंग का कार्य करता था। वह उसके पति को बुढ़ाना ले जाने के लिये अपने साथ ले गया। उसके बाद उसका पति शाम तक घर वापिस नहीं आया। उसने अपने पति को तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिला। बीती 19 जनवरी को उसके पति की लाश सराय पुलिस चौकी के पीछे खेत में मिली। उसने थाने में सूचना दी तो पुलिस ने उसके पति की लाश पोस्ट मार्टम के लिए भेज दी। उसे पता चला कि पोली पुत्र ओमपाल ने उसके पति की किसी कारण से हत्या कर दी, क्योंकि उसके पति का फोटो पोली के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उसके थाने में बार-बार चक्कर लगाने के बाद पुलिस वालों ने पोली, मोनू व एक ई-रिक्शा चालक को पकड़ा, लेकिन उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। अब वो फुगाना सीओ, थाने व एसएसपी के चक्कर काट चुकी है, लेकिन पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने को तैयार नहीं। अब पीड़िता ने लखनऊ जाकर योगी दरबार में गुहार लगाने की बात कही है।

कुकर्म मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। छात्र के साथ कुकर्म के मामले में नई मंडी कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों को पकडने के लिए पुलिस दबिश दे रही है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तीन आरोपियों ने दो साल पूर्व नाबालिग छात्र के साथ बहला-फुसलाकर जंगल में ले जाकर कुकर्म किया था। आरोपियों ने उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई थी। आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ लगातार कुकर्म करते रहे। वहीं अन्य पांच आरोपियों वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कुकर्म का दबाव बनाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि आरोपी साबान को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। वहीं एक वारंटी नंदू उर्फ नीरज निवासी अमित विहार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

सनातन परिवारों को लेना चाहिए मंदिर जाने का संकल्प: अरविंद जी महाराज

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। महाराजा अग्रसेन भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास पूज्य अरविंद जी महाराज ने कहा कि मंदिरों की स्थिति अच्छी नहीं है, ऐसे में सनातनियों को मंदिर जाने का संकल्प लेना चाहिए। परिवार के मुखिया को यह ध्यान देना चाहिए कि परिवार का हर बालक किसी ना किसी कारण मंदिर जरुर जाए। मंदिरों में लग रही मशीनें सनातन धर्म के दुर्भाग्य कारक है। अरविन्द महाराज ने भागवत जी के प्रथम श्लोक सत्यं पर धीमहि की व्याख्या करते हुए कहा कि सत्य ही जीवन का आधार है। उन्होंने शुकदेव कथा, भीष्म स्तुति, परीक्षित जन्म, कपिल देव आहुति संवाद और सृष्टि क्रम विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत, सनातन और सद्गुरु की कृपा से भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। राधा नाम कीर्तन के माध्यम से राधा नाम की महिमा बताते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि कलयुग में अपने कल्याण के लिए कथा व कीर्तन दोनों सुदृढ़ एवं सरल साधन है। कथा रूपी अमृत पान करने के लिए पात्रता आवश्यक है, ऐसे में स्वयं को पात्र बनाएं। महामृत्युंजय सेवा मिशन के अध्यक्ष संजीव शंकर महाराज ने भागवत स्थान की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे जनपद में ऐसा सिद्धपीठ शुकतीर्थ है जहां भगवती जी का प्रथम बार अवतरण हुआ। कथा के मुख्य यजमान साधना तायल, अजय तायल एवं विनोद सिंघल ने सपत्नीक व्यास पीठ का पूजन किया। कथा में आरती के समय मुख्य रूप से समाजसेवी भीमसेन कंसल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, सत्य प्रकाश मित्तल, अजय अग्रवाल, योगेंद्र मित्तल, पुरुषोत्तम सिंहल, अजय तायल, विनोद सिंघल, प्रदीप गोयल, योगेश सिंघल भगत जी, सत्य प्रकाश रेशू, उपेंद्र बंसल, संजय गुप्ता, आशुतोष कुच्छल, मित्रसैन अग्रवाल, विनोद गुप्ता, अचिन कंसल, तेजराज गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अमरीश सिंघल, श्रवण सर्राफ, महेश जिंदल, अनूप कुच्छल, भुवनेश गुप्ता, राकेश अग्रवाल, महिला मंडल में साधना तायल, अंजू अग्रवाल, लतिका गोयल, अलका सिंगल, मयूरी स्वरूप, साधना गोयल, अनीता मित्तल, रेखा मित्तल, सुधा कुच्छल एवं नीता बंसल आदि मौजूद रहे।

सदर तहसील में एडीएम वित्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। योगी सरकार की पहल पर यूपी में शुरू अभियान के तहत सोमवार को सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान सदर तहसील में एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ सिटी राजू साव एवं तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़ समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में होली पर्व के बाद सोमवार को जिलेभर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के तहत क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ निदान कराया गया। अभियान की इस कड़ी में सदर तहसील सभागार में एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार व उप जिलाधिकारी सदर निकिता शर्मा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को बड़े ध्यान से सुना और अधीनस्थों को समस्याओं के त्वरित समाधान दिए जाने के निर्देश दिए। इस बीच संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस व विकास आदि से संबंधित शिकायतें

मुख्य रूप से प्राप्त हुई। समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने जनता की इन जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के सम्बन्धित राजस्व और पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने को निर्देशित किया गया। एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार ने शासन की मंशा के अनुरूप अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें व महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए।

कर्ज में दबा किसान आत्म हत्या करने पर मजबूर: चौ. टिकैत

सिसौली/मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। भाकियू मुख्यालय सिसौली स्थित किसान भवन में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की आयोजित मासिक पंचायत में आज क्षेत्रीय किसानों ने हिस्सा लिया और केन्द्र व राज्य सरकार की गलत नीतियों को लेकर सभी वक्ताओं ने विस्तार से चर्चा करते हुए भावी रणनीति पर विचार मंथन किया। सिसौली किसान भवन में संपन्न मासिक किसान पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत ने कहा कि सरकार आज फसल के भाव ना देकर वास्तव में एक सोची समझी रणनीति के तहत किसान को कर्ज लेने पर मजबूर कर रही है। वहीं दूसरी ओर कर्ज में दबा किसान आज समुचित आमदनी न होने के अभाव में आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहा है। ऐसे में हम सभी को संगठित होकर इस लड़ाई को लड़ना होगा। उन्होंने किसान भवन से स्पष्ट रूप से किसानों को चेताया कि आने वाले समय में देश के किसान के सामने

अनेकों चुनौतियां आने वाली है, जिनका पूर्ण मनोयोग के साथ डटकर मुकाबला करना होगा। किसान भवन में संपन्न हुई मासिक पंचायत की अध्यक्षता गठवाला खाप हसनपुर थाबेदार संजीव मलिक एवं संचालन जिला मीडिया प्रभारी चौ. शक्ति सिंह ने किया। इस पंचायत में बतीसा खाप, बुढ़ियान खाप जावला, राठी खाप, लाठियान खाप के चौधरी और थाबेदार मौजूद रहे साथ में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारी मौजूद रहे।

230 विद्युत बकायेदारों पर चला जिले में कार्रवाई का चाबुक

20 लाख से अधिक का बकाया, काटे विद्युत कनेक्शन

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। पावर कारपोरेशन की शुरू कवायदों के बीच मुजफ्फरनगर जनपद में राजस्व वसूली को जारी अभियान के बीच अधिकारियों द्वारा गठित टीमों ने नगरीय और गांव-देहात क्षेत्रों के बिजली के बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कसा है। जिले में शुरू वसूली अभियान के बीच इन टीमों ने करीब 230 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटने के साथ सख्ती का संदेश दिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इन विद्युत बकाएदारों पर करीब 20 लाख रुपए से भी अधिक बकाया है। पॉवर कारपोरेशन के जनपद में शुरू राजस्व वसूली अभियान से पूर्व इन बड़े बकायदारों को विद्युत बकाया बिल की धनराशि को समय रहते जमा करने को विभाग द्वारा नोटिस भी भेजे गए थे, लेकिन इसके बाद भी कोई सक्रियता न होने पर विद्युत विभाग की ओर से अभियान शुरू किया गया।

वित्तीय वर्ष की समाप्ति की ओर बढ़ते कदमों के बीच पॉवर कारपोरेशन ने राजस्व वसूली के लिए अब सख्ती शुरू की है। विभागीय अधिकारियों ने इस कड़ी में जिले के बड़े बकायेदारों की सूची तैयार करने के साथ उक्त टीमों ने ऐसे बकायेदारों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को पॉवर कारपोरेशन की गठित टीमों ने नगरीय क्षेत्र में मिमलाना रोड, रामलीला टिल्ला, आबकारी, हनुमानपुरी, प्रेमपुरी, जनकपुरी, आनंदपुरी, कच्ची सड़क, नई मंडी, खालापार, किदवईनगर के अलावा सुजडू डुंगर पट्टी, बघरा, शाहपुर, मीरांपुर, पुरकाजी, छपार आदि क्षेत्रों में बड़े बकायादारों के खिलाफ छापामार कार्रवाई करने के लिए अभियान चलाया। अभियान की कड़ी में विभाग की विभिन्न टीमों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 230 बकायेदारों के बिजली के कनेक्शन काट दिए हैं। इन बकायेदारों पर करीब 20 लाख रुपए से अधिक का बकाया बताया जा रहा है। जिले में शुरू अभियान से बकायेदारों में हड़कंप मचा है।

इन्होंने कहा---

मुख्य अभियंता विद्युत पवन अग्रवाल ने बताया कि जनपद में बिजली का बकाया बिल जमा न करने वाले विद्युत उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में जनपद में प्रतिदिन बड़े बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई आगे भी इसी तरह से जारी रहेगी।



शाहपुर श्रम विभाग का छापा, 8 प्रतिष्ठानों पर काम करते 10 बाल श्रमिक पकड़े, मचा हड़कंप

शाहपुर, 17 मार्च (बु.)। कस्बे में श्रम प्रवर्तन अधिकारियों ने एएचटीयू पुलिस के साथ आठ प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 10 बाल श्रमिक पकड़े। प्रतिष्ठानों के मालिकों को 15 दिन का नोटिस दिया गया है। उसके बाद उनके विरुद्ध बाल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। कस्बे में श्रम प्रवर्तन अधिकारी बालेश्वर सिंह व शालू राणा ने एएचटीयू पुलिस टीम के साथ बाल श्रम अधिनियम के अंतर्गत अभियान चलाकर कस्बे में स्थित आठ प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की, जिसमें बसी रोड स्थित मैसर्स लाइक लेमिनेशन से एक, अनस वेल्डिंग वर्कशॉप से दो, हिंदुस्तान सर्विस सेंटर से एक, आकाश ऑटो सर्विस सेंटर से दो, वीरा वेल्डिंग वर्कशॉप से एक, लाइक ऑटो सर्विस सेंटर से एक, अनमोल भारत मोटर वर्कशॉप से एक के अलावा मंसूरपुर तिराहा स्थित विष्णु ऑटो सर्विस से एक बाल श्रमिक पकड़े हैं। बाल श्रम अधिकारी ने इन प्रतिष्ठानों पर कार्य कर रहे बच्चों व किशोरों के नाम उनके परिजनों व आयु के साथ उनका पता नोट किया है। अधिकारियों ने इन प्रतिष्ठानों के स्वामियों को नोटिस देकर 15 दिन के अंदर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है। बाल श्रम अधिकारी ने बताया कि यदि इन प्रतिष्ठानों के स्वामियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया, तो उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। श्रम विभाग की इस कार्यवाही से बच्चों व किशोरों से कार्य कराने वाले प्रतिष्ठानों के स्वामियों में हड़कंप मचा रहा।

वेदप्रकाश अग्रवाल चुने गए मोक्षधाम (श्मशान घाट) सेवा समिति के अध्यक्ष

खतौली, 17 मार्च (बु.)। पूर्व प्रधानाचार्य व समाजसेवी वेद प्रकाश अग्रवाल सर्वसम्मति से मोक्षधाम (श्मशान घाट) सेवा समिति के अध्यक्ष चुने गए। मिली जानकारी के अनुसार श्री मोक्षधाम सेवा समिति (श्मशान घाट) की एक बैठक में समिति के अध्यक्ष पद हेतु गहन विचार विमर्श किया गया, जिसके बाद सर्वसम्मति से पूर्व प्रधानचार्य समाजसेवी वेदप्रकाश अग्रवाल को समिति का संरक्षक चुना गया। बैठक में श्री मोक्ष धाम समिति के पूर्व अध्यक्ष वीरभान अरोड़ा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में समिति के प्रबंधक मदन छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संजय जैन सर्राफ, राजीव अग्रवाल, वैभव जैन, जयचंद जैन, प्रणव शर्मा, तरुण सूरी, वासू अग्रवाल, कमल गर्ग आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष वेदप्रकाश अग्रवाल ने मोक्षधाम की सेवा और व्यवस्थाओं के लिए निष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाह करने का आश्वासन देते हुए समिति के सहयोग से विकास कार्यों को गति प्रदान करने का संकल्प लेते हुए आम जनमानस से मोक्षधाम के उत्थान हेतु अपने सुझाव देने की अपील की।

ओरी और उनके 7 दोस्तों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, माता वैष्णो देवी मंदिर के निकट शराब पीने के आरोप

जम्मू कश्मीर, 17 मार्च (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी के पवित्र शहर में शराब पीने को लेकर ओरी मुश्किल में फंस गए हैं। पुलिस ने माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा के एक होटल में शराब पीने के आरोप में ओरी और सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा दर्ज किए गए आठ लोगों में रूसी नागरिक अनास्तासिला अर्जामास्कीना भी शामिल है, जो ओरी और उसके दोस्तों के साथ कटरा आई थी। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के आदेश का उल्लंघन करने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में ओरी, दर्शन सिंह, पार्थ रैना, रितिक सिंह, राशि दत्ता, रक्षिता भोगल, शगुन कोहली और अनास्तासिला अर्जामास्कीना के खिलाफ कटरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर (संख्या 72/25) दर्ज की गई है। उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया गया है। रियासी पुलिस ने कहा कि कटरा के कॉटेज सुइट इलाके में शराब और मांसाहारी खाने पर सख्त प्रतिबंध के बावजूद वे अपने होटल के अंदर शराब पीते पाए गए। शिकायत मिलने पर, एसएसपी रियासी परमवीर सिंह (जेकेपीएस) ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। धार्मिक स्थलों की पवित्रता को भंग करने वाले किसी भी काम के लिए शून्य-सहिष्णुता की नीति पर जोर दिया गया। रियासी पुलिस ने कहा कि 'मामले की जांच के लिए एसपी कटरा, डीएसपी कटरा और एसएचओ कटरा की देखरेख में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। औरी सहित सभी आरोपियों को नोटिस भेजे जाएंगे, जिसमें उन्हें जांच में शामिल होने का निर्देश दिया जाएगा।' एसएसपी रियासी ने दोहराया है कि कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति, विशेष रूप से धार्मिक स्थलों पर शराब या नशीली दवाओं के सेवन जैसी गतिविधियों में लिप्त होने पर सख्ती से निपटा जाएगा।



प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किए बाबा भूरादेव और सिद्धपीठ श्री माता शाकम्भरी देवी जी के भव्य दरबार के दर्शन। शिवालिक पर्वत शिखरों पर विराजमान माता भगवती का यह पावन सिद्धपीठ स्थान ब्रह्म पुराण के 108 सिद्धपीठों में से एक है। संपूर्ण भारतवर्ष से करोड़ों श्रद्धालु यहां दर्शन हेतु आते हैं। साल में चार बार मेले लगते हैं, जिसमें चैत्र नवरात्र और आश्विन नवरात्र मेला प्रमुख है। होली का फाल्गुन मेला और भादवे का झंडा मेला भी लगता है।

शत्रु संपति में खड़ा हजारों की कीमत का हरा-भरा पेड़ काटा

मीरापुर, 17 मार्च (बु.)। कस्बे में स्थित बेशकीमती शत्रु संपति में खड़े हरे भरे एक नीम को कुछ लोगों ने चोरी से काट लिया। सूचना पर पहुँची राजस्व विभाग की टीम ने पेड़ को कब्जे में ले लिया और नगर पंचायत कार्यालय पहुँचा दिया। कस्बे में बसन्त शिक्षा सदन इंटर कॉलेज के सामने एक शत्रु सम्पत्ति के रूप में बेशकीमती मकान है। उक्त शत्रु सम्पत्ति में कई लोग निवास करते हैं। उक्त शत्रु सम्पत्ति में एक नीम का हरा भरा पेड़ खड़ा है। सोमवार की दोपहर में शत्रु सम्पत्ति में निवास करने वाले युवक उक्त नीम के पेड़ को काट रहे थे, जिसकी सूचना नगर पंचायत को लगी, तो नगर पंचायत कर्मचारियों ने हल्का लेखपाल ओमबीर को इसकी सूचना दी, जिस पर हल्का लेखपाल पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तथा युवकों को पेड़ काटने से रोक दिया तथा पेड़ के काटे गए हिस्से को अपने कब्जे में लेकर नगर पंचायत में दाखिल कर दिया। मामले पर राजस्व निरीक्षक संजीव शर्मा ने बताया कि पेड़ का कुछ हिस्सा काटा गया था, जिसे कब्जे में लेकर फिलहाल नगर पंचायत कार्यालय में दाखिल किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है, वही इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि मामला जानकारी में है, यदि नगर पंचायत या लेखपाल तहरीर देते हैं तो मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

आप सांसद के खिलाफ दी तहरीर

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। संभल सीओ अनुज चौधरी पर आप सांसद संजय सिंह द्वारा की गयी अशोभनीय टिप्पणी को लेकर काफी विरोध हो रहा है। सोमवार को शहर के पहलवान व खिलाड़ियों ने नई मंडी में पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए आप सांसद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। उन्होंने आप सांसद के खिलाफ थाने पर तहरीर भी दी है। सोमवार शाम को संयुक्त खेल समिति पचैंडा कलां के उपाध्यक्ष युधिष्ठर पहलवान के नेतृत्व में काफी संख्या में पहलवान और खिलाड़ी नई मंडी कोतवाली पहुंचे और आप सांसद संजय सिंह द्वारा सीओ अनुज चौधरी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सीओ अनुज चौधरी ने कुश्ती की शुरूआत पचैंडा से की थी। उन्हें लक्ष्मण पुरस्कार व अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में संभल जनपद में पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आप सांसद संजय सिंह की उनके खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी से पूरे देश के खिलाड़ियों को मानसिक आघात हुआ है। थाने पर मौजूद खिलाड़ियों व पहलवानों ने थाने पर प्रदर्शन कर आप सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के लिए तहरीर दी है।

अखिलेश बोले- केशव सरकारी नौकर बनकर रह गए

महोबा, 17 मार्च (एजेंसी)। महोबा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने डिप्टी सीएम केशव मौर्य पर तंज कसा और कहा कि उन्होंने क्या सपना देखा था और क्या हासिल हुआ। गवर्नमेंट सर्वेंट बनकर रह गए हैं। अखिलेश ने इशारों में सीएम योगी पर निशाना साधा और कहा कि जो लोग काला चश्मा लगाकर होली खेल रहे हैं, जो एक रंगी लोग हैं। जनता उन्हें हटाने का काम करेगी। दरअसल, गोरखपुर में योगी ने काला चश्मा पहनकर होली खेली थी। भाजपा जिलाध्यक्षों की नई लिस्ट पर अखिलेश ने कहा कि चुनाव आते-आते फिर से ये जिलाध्यक्ष बदले जाएंगे। महोबा में रविवार को अखिलेश यादव सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत के बेटे की शादी में शामिल हुए। उन्हें चांदी का मुकुट पहनाया गया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और संगठन उत्तर प्रदेश को लूट रहे हैं। 2027 में बीजेपी को सबसे बुरी हार होगी। शिवाजी महाराज का भाजपा से कोई संबंध नहीं अखिलेश ने औरंगजेब पर कहा कि भाजपा अपनी नाकामी में पर्दा डालने के लिए ऐसी बातें करती है। छत्रपति शिवाजी महाराज से बीजेपी के लोगों का कोई संबंध नहीं। शिवाजी महाराज हमारे पूजनीय हैं। हमारे परिवार के हैं, यहां जितने लोग खड़े हैं, स

कमाने के लिए पाकिस्तान ने कराई थी चैंपियंस ट्रॉफी, हुआ इतना नुकसान

कराची, 17 मार्च (एजेंसी)। पाकिस्तान ने कमाने के लिए चैंपियंस ट्रॉफी कराई थी। हालांकि इस आयोजन से उसे भारी नुकसान हुआ है। आर्थिक संकट झेल रहे पाकिस्तान को इससे एक और झटका लगा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को 29 साल में पहली बार आईसीसी इवेंट की मेजबानी करने का मौका मिला था। हालांकि भारत ने पाकिस्तान में मैच खेलने से मना कर दिया था। भारत के सभी मैच दुबई में हुए। इसके टिकट भी खूब बिके। भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टूर्नामेंट की तैयारी के लिए 869 करोड़ रुपये खर्च किए थे। इसके बदले में उन्हें मेजबानी फीस और टिकट बिक्री से सिर्फ 52 करोड़ रुपये मिले। बोर्ड को इस आयोजन से 739 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ। पीसीबी पैसे कमाना चाहता था, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी ने उसे आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाया।

जेल में ही रहेंगी अभिनेत्री रान्या राव, कोर्ट जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, 17 मार्च (एजेंसी)। राजस्व खुफिया निदेशालय ने 3 मार्च को दुबई से यहां पहुंची रानियां राव से केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ रुपए मूल्य का सोना जब्त किया था। इसके बाद डीआरआई द्वारा उनके आवास पर की गई तलाशी में 2.06 करोड़ रुपए मूल्य के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपए मूल्य की भारतीय मुद्रा बरामद की गई। आर्थिक अपराध की एक विषेश अदालत ने शुक्रवार को सोना तस्करी की आरोपी कन्नड़ अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या राव की जमानत याचिका खारिज कर दी।

कुमार विश्वास ने लिया बाबा महाकाल का आशीर्वाद

मध्यप्रदेश, 17 मार्च (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में लगातार ख्यात हस्तियां आ रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को प्रसिद्ध कवि और कथाकार कुमार विश्वास मंदिर पहुंचे वह महाकाल का

आशीर्वाद लिया। दरअसल प्रसिद्ध कवि और कथाकार कुमार विश्वास किसी काम से सोमवार को उज्जैन आए। इस दौरान वे महाकाल मंदिर भी पहुंचे। उन्होंने नंदी हाल में बैठकर बाबा महाकाल की आराधना की। इसके बाद पूजा कर आशीर्वाद लिया। पुजारियों ने महाकाल बाबा का अंगोछा ओढ़ाकर कवि कुमार का सम्मान किया। बता दें कि शनिवार को प्रसिद्ध एक्टर अर्जुन रामपाल ने भस्मार्ती के दर्शन कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया था। वहीं पॉप सिंगर हनीसिंह, कोरियोग्राफर रैमो डिसूजा, क्रिकेटर व्यंकटेश अय्यर, मंत्री मंत्री प्रवेश वर्मा, चिराग पासवान, वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगड़िया, उद्योगपति बाबा नीलकंठ कल्याणी आए थे। वहीं रविवार को बॉलीवुड के प्रसिद्ध विलेन रंजीत भी बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे थे।

जमीयत के मुफ्ती अब्दुल पर क्वेटा में ताबड़तोड़ बरसाई गईं गोलियां

पाकिस्तान, 17 मार्च (एजेंसी)। पाकिस्तान के क्वेटा में एक और हाई प्रोफाइल हत्या को अंजाम दिया गया है। अज्ञात हमलावरों ने जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के एक वरिष्ठ नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना क्वेटा के एयरपोर्ट रोड पर हुई। जमीयत के नेता मुफ्ती अब्दुल बाकी नूरजई पर हमलावरों ने फायरिंग की।

पुलिस का कहना है कि इस हमले में वह बुरी तरह से घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने पुष्टि की कि गंभीर रूप से घायल होने की वजह से मुफ्ती ने दम तोड़ दिया। सुरक्षाबलों ने इस हमले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि पाकिस्तान में बीते कुछ समय में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। रविवार को क्वेटा से ताफ्तान जा रहे सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ, जिसमें सात सैनिकों की मौत हुई, जबकि 21 घायल हुए। इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए बलूच लिबरेशन आर्मी ने 90 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत का दावा किया।

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट और पथराव, दोनों पक्षों के 4 लोग घायल

चरथावल, 17 मार्च (बु.)। ग्राम कुटेसरा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट व पथराव हुआ, जिसमें दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस द्वारा दोनों ओर से मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

चरथावल थाना-क्षेत्र के ग्राम कुटेसरा निवासी इस्तखार ने दी तहरीर में बताया कि 16 मार्च की शाम को अपने मकान पर खड़ा था, तभी वहां पर गांव निवासी सलमान, सुहैल, शमशाद, असान व अफरोज उसके खेत से सरसों काट लाये और उसे देखकर गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर इन्होंने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया और पथराव कर दिया, जिसमें पिता निसार सहित वह घायल हो गया। उधर, दूसरे पक्ष से सलमान ने मोबाइल पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। आरोप है कि विरोध करने पर इस्तखार, निसार सहित पांच लोगों ने घर पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया और पथराव किया, जिसमें सलमान व फरीदा पत्नि नय्यूम घायल हो गयी। घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। दोनों ओर से दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट व पथराव हुआ, जिसमें दोनों पक्षों से एक महिला सहित चार लोग घायल हुए। दोनों ओर से दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ।

मुठभेड़ में कुख्यात वाहन चोर लंगड़ा किया

खतौली, 17 मार्च (बु.)। कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक कुख्यात वाहन चोर को लंगडा करते हुए गिरफ्तार कर अभियुक्त से चोरी का ट्रैक्टर व अवैध शस्त्र बरामद किया है, जबकि उसका दूसरा साथी फरार होने में सफल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सीओ खतौली रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस जहां अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत बनी हुई है, वहीं कुख्यात अपराधियों को लगातार उनके अंजाम तक पहुंचाने में सफल साबित हो रही है। सफलता के इस क्रम में सोमवार को सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विक्रान्त कुमार, हर्षित शर्मा सहित विनीत कुमार, अनुज चौधरी, प्रवीण नागर, मुनीश शर्मा, निरोत्तम, शौबीर व कांसटेबिल प्रदीप कुमार की पुलिस टीम द्वारा गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर बर्फखाने के निकट वाहन चैकिंग के दौरान एक गति से आ रहे एक महेन्द्रा ट्रैक्टर, जिस पर दो व्यक्ति सवार थे को जब चैकिंग के लिये रूकने का इशारा किया गया तो पुलिस को देखकर ट्रैक्टर सवार ट्रैक्टर को लेकर गंगनहर पर तेजगति से भागने लगे, जिस पर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध ट्रैक्टर सवारों का पीछा किया गया। ट्रैक्टर को लेकर दोनों संदिग्ध गंगनहर पटरी स्थित मुसद्दी बाग में घुस गये। पुलिस द्वारा बाग में घुसकर संदिग्धों की घेराबंदी करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस द्वारा अपने बचाव में की गयी फायरिंग में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मौके से एक चोरी का ट्रैक्टर व तमंचा भी बरामद करते हुए घायल अभियुक्त जावेद पुत्र खुशनुद निवासी गांव नंगला शाहू थाना भावनपुर जिला मेरठ को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि दूसरा अभियुक्त गुलजार मामा उर्फ पहलवान पुत्र रमजानी निवासी मौहल्ला इस्लामनगर कस्बा खतौली फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि घायल जावेद ने स्वीकार किया है कि वह अपने फरार साथी गुलजार के वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घायल जावेद के विरूद्ध विभिन्न थानों में लगभग एक दर्जन अभियोग दर्ज हैं।

बुधवार से शुरू होगी जिले में 4 केन्द्रों पर मूल्यांकन प्रक्रिया

परीक्षक रिलीव आदेश न मिलने से नहीं करा सके उपस्थिति दर्ज

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज यूपी बोर्ड की परीक्षाएं निर्विघ्न एवं नकलविहीन संपन्न होने के बाद जनपद मुख्यालय पर अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी शुरू हो रही है। जिला मुख्यालय पर यूपी बोर्ड की की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को चार केंद्र बनाए गए हैं। इन मूल्यांकन केन्द्रों पर बुधवार यानि 19 मार्च से जनपद में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू होगा। उधर, यूपी बोर्ड परीक्षा की सफलता के बाद जिले में तय व्यवस्था के बीच सोमवार को इन परीक्षकों एवं डीएचई को मूल्यांकन केन्द्रों पर पहुंच अपनी उपस्थिति दर्ज करानी थी, लेकिन केंद्रों पर सोमवार को अधिकांश परीक्षक नहीं पहुंचे। केंद्र के मुख्य परीक्षकों ने डीआईओएस को इस संबंध में अवगत करा दिया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की हाईस्कूल-इंटरमीडिएट की परीक्षाएं इसी माह 12 मार्च को प्रदेश के साथ जिले में निर्विघ्न संपन्न हो गई थी। शिक्षा विभाग द्वारा अब आगामी 19 मार्च से इन प्राप्त सभी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जनपद में चार मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इसमें जहां इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए एसडी इंटर कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया है। वहीं हाईस्कूल की परीक्षा के लिए डीएवी इंटर कॉलेज के साथ

इस्लामिया इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया है। इन मूल्यांकन केंद्रों पर इस बार कुल 1521 परीक्षकों को इन उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए तैनात किया है। वहीं इनके उपर 197 डीएचई तैनात रहेंगे। सभी परीक्षक 31 मार्च तक एक लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करेंगे। जनपद मुजफ्फरनगर के चार मूल्यांकन केंद्रों पर 1521 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो अलग-अलग विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करेंगे। चारों मूल्यांकन केंद्रों पर सोमवार को परीक्षकों को अपने कॉलेजों से रिलीव होकर उपस्थिति दर्ज करानी थी। इस बीच मूल्यांकन केंद्रों पर कुल 140 परीक्षक भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने नहीं पहुंचे। उधर, परीक्षकों का कहना है कि अभी मूल कॉलेजों से उन्हें रिलीव नहीं किया है, ऐसे में केंद्रों पर पहुंच नहीं पाए, जैसे ही रिलीव होंगे, निर्धारित मूल्यांकन केन्द्रों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के साथ ड्यूटी दी जाएगी।

इन्होंने कहा-

डीआईओएस राजेश श्रीवास ने बताया कि 19 मार्च से जनपद में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन करने की प्रक्रिया शुरू होगी। सभी परीक्षकों व डीएचओ को चिन्हित कर कॉलेजों को रिलीव करने के आदेश भेज गए हैं।

नागपुर में भड़की हिंसा, 17 लोग हिरासत, कई पुलिसकर्मी घायल

मुम्बई, 17 मार्च (बु.)। औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र के नागपुर में औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए एक दक्षिणपंथी संगठन के लोग प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच अफवाह उड़ी कि प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मुस्लिम समुदाय का पवित्र ग्रंथ जला दिया है। यह अफवाह फैलने के बाद पूरे इलाके में हिंसा शुरू हो गई। अफवाह के बाद मध्य नागपुर में तनाव उत्पन्न हो गया और पुलिस पर पथराव किया गया। कई वाहनों में आग भी लगा दी गई। घटना नागपुर के महाल इलाके की है। यहां हालात को काबू करने के लिए पहुंचे कई पुलिसकर्मी भी हिंसा में घायल हुए हैं। पुलिस ने 17 लोगों को हिरासत में लिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से संयम बरतने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। पुलिस ने भी लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने के लिए कहा है। टकराव के बाद पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। महाराष्ट्र पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में लोगों से मदद करने की अपील की है। हिंसा के बाद पुलिस ने महाल में तलाशी अभियान चलाया। हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। पुलिस ने लोगों को अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की हिदायत दी है। हिंसा भड़कने के बाद अराजक तत्वों ने महाल इलाके में जमकर आगजनी की। कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। इस दौरान एक जेसेबी मशीन पर भी आग लगा दी गई। दमकलकर्मी और पुलिस के जवान मौके पर मौजूद हैं और हिंसा के साथ आग पर भी काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान चार लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने चिटनिस पार्क और महल इलाकों में भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। हिंसा दोपहर बाद कथित तौर पर कोतवाली और गणेशपेठ तक फैल गई। रात होते-होते हालात मुश्किल हो गए। इस वजह से पूरे इलाके में धारा 144 लगानी पड़ी।

नहीं हो रहा नगर क्षेत्र में जाम की समस्या का स्थाई समाधान

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। तमाम प्रयासों व दावों के बावजूद नगरीय क्षेत्र में जाम की समस्या का निदान होता दिखाई नहीं दे रहा है। आए दिन नगर में लगने वाले जाम के झाम से जहां गंतव्य की ओर जाने वाले परिवारों को भारी दिक्कतों का इस बीच सामना करना पड़ रहा है। वहीं जरुरी काम को घरों से निकले लोगों को मानसिक पीड़ा एवं आर्थिक रूप से हानि का सामना करने को विवश होना पड़ रहा है।

आए दिन के जाम से हो रहा मानसिक व आर्थिक शोषण

आए दिन के जाम और बेतरतीब वाहनों के बाजारों में खड़े होने से भी आवागमन की समस्या बढ़ती जा रही है। नगरीय क्षेत्र में सिकुड़ती सड़कें एवं बढ़ते वाहनों के साथ दुकानों के बाहर रखा सामान वैसे तो एक बड़ा कारण है ही, उसके साथ यातायात पुलिस की उपेक्षा व जिम्मेदारी से बचने की खातिर उठाए कदम भी जिम्मेदार हैं। आए दिन यातायात व्यवस्था में उतरी ट्रैफिक पुलिस के प्रायः तुगलकी फरमान भी परेशानी का सबब बनते

जा रहे हैं। इसके अलावा कुकुरमुत्ते की तरह सड़कों से नगर के मुख्य बाजारों में दौड़ती तमाम ई-रिक्शा जाम की समस्या को बढ़ावा देने में जुटी हैं। क्षमता से अधिक इन ई-रिक्शाओं के साथ अन्य वाहनों की बाजारों में पहुंच और बेतरतीब खड़े होना जाम की समस्या के बड़े कारण है, जिनमें बिना इच्छा शक्ति और कड़े कदमों के बिना नियंत्रण हो पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है, जिसके लिए आमजन के साथ व्यापारियों व पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयासों की जरुरत है।

पार्टी हित में नाते रिश्तों को आड़े नहीं आने दूंगी : मायावती

लखनऊ 17 मार्च (वार्ता) विरोधी दलों पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुये पार्टी सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को कहा कि उनके जीते जी पार्टी हित में नाते रिश्ते आड़े नहीं आयेंगे। सुश्री मायावती ने कहा '' मैं अपने जीते-जी अपने व्यक्तिगत तथा भाई-बहिन व रिश्ते-नातों आदि के स्वार्थ में कभी भी पार्टी को कमजोर नहीं पड़ने दूँगी। वैसे भी मेरे भाई-बहिन व अन्य रिश्ते-नाते आदि मेरे लिए केवल बहुजन समाज का ही एक अंग है उसके सिवाय कुछ भी नहीं है। इसके इलावा, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में बहुजन समाज के जो भी लोग अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करते हैं तो उन्हें पार्टी में जरूर आगे बढ़ने का मौका दिया जायेगा और इस मामले में मेरे रिश्ते-नाते आड़े नहीं आयेंगे। '' उन्होंने कहा '' मैं यह भी बताना चाहूँगी कि पिछले कुछ वर्षों से सत्ता व विपक्ष में बैठी सभी जातिवादी, साम्प्रदायिक व पूँजीवादी पार्टियाँ बसपा के विरुद्ध अन्दर-अन्दर आपस में मिलकर इसे कमजोर करने की पूरी-पूरी कोशिश में लगी हैं, क्योंकि यहाँ जातिवादी पार्टियों को 2007 में यूपी में बसपा का अकेले ही पूर्ण बहुमत के आधार पर सत्ता में आना अभी तक भी उनके गले के नीचे से कतई भी नहीं उतर पा रहा है।

9 साल प्यार में ठगी गयी तान्या ने लगाई एसएसपी से गुहार, वापस दिलाए उसे उसका प्यार

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। इश्क का जुनून कुछ ऐसा होता है कि बेवफाई के बाद भी औरत के दिल-दिमाग से नहीं उतरता। धोखा खाने के बाद भी औरत उसी शख्स को दोबारा पाना चाहती है, जिसने उससे बेवफाई की है। ऐसा ही एक मामला मुजफ्फरनगर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मल्हूपुरा से सामने आया, जिसमें तान्या ने आप बीती सुनाते हुए मीडिया के कैमरे के सामने साफतौर पर बताया कि बुढ़ाना कोतवाली मेहलजना गांव के रहने वाले आलिम से वह किसी शादी समारोह में मिली थी। जिसके बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चला और लगातार 9 साल तक वे रिलेशनशिप में रहे। तान्या का आरोप है कि प्रेम प्रसंग के चलते आलिम ने तान्या को यह कहकर दूसरी शादी कर ली कि एक शादी उसे परिवार का मान रखने के लिए करनी पड़ेगी। इस पर तान्या तैयार हो गयी और आलिम ने शादी कर ली। आलिम के भरोसे के मुताबिक तान्या ने आलिम के साथ कैराना में मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार निकाह किया और बाद में वे दोनों पानीपत चले गए, जहां दो दिन रहने के बाद आलिम यह कहकर वापस आ गया कि परिवार के लोग उस पर दबाव डाल रहे हैं। यह कहकर उसने तान्या से रिश्ता तोड़ दिया। तान्या यह दर्द बर्दाश्त नहीं कर पाई और उसने इसकी गुहार पुलिस से लगाई। मगर पुलिस भी कुछ नहीं कर पाई। अब तान्या एसएसपी ऑफिस पहुंची और मीडिया के कैमरे के सामने अपने प्रेम की सारी निशानियां दिखाते हुए अपने प्रेमी को वापस दिलाने की गुहार लगाई। तान्या के पास निकाह के बाद की फोटो व आलिम के साथ सेल्फियों भी मौजूद हैं। उसका कहना है कि उसे इंसाफ चाहिए और अपना 9 साल का प्यार वह एसएसपी के द्वार पहुंचकर वापस मांगती है। तान्या का यह भी कहना है कि वह आलिम के बिना जिंदा नहीं रह सकती। उसने कहा कि अगर पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही नहीं की तो वह पुलिस ऑफिस में ही अपनी जान दे देगी। अब देखना यह होगा कि अपने बेवफा प्यार के लिए बेचैन तन्या को पुलिस उसका प्यार वापस दिला पाती है या नहीं।

शराब कर रही खराब, फिर भी होली पर बिकी बेहिसाब

▸ साढ़े चार करोड़ की शराब डकार गए मदिरा प्रेमी ▸ देसी शराब ने पाया प्रथम स्थान ▸ अंग्रेजी के दीवानों ने किया आंकड़ा डेढ़ करोड़ पार

मुजफ्फरनगर, 17 मार्च (बु.)। होली की आड़ में सुरा प्रेमियों ने जमकर शराब का सेवन किया। माना जा रहा है कि होलिका दहन से शुरू हुआ यह सिलसिला तीन दिन बाद जाकर खत्म हुआ। एक ओर शराब घर-घर को खराब कर रही है, फिर भी इसका बेहिसाब पिया जाना आबकारी विभाग की बल्ले-बल्ले कर रहा है। भारतीय लोगों ने शराब को शौंक न होने के साथ साथ इसे अपने ऊपर हावी कर लिया है। और जो भी चीज आपके ऊपर हावी हो जाती है, उसकी गिनती ऐब में गिनी जाने लगती है। इसी ऐब के चलते सरकार को तो जमकर राजस्व वसूली होती है, मगर बेहिसाब पी जाने वाली शराब कितने घरों को खराब कर रही है, इसका अंदाजा लगाया जाना मुश्किल है। इस बार मुजफ्फरनगर में रोज की शराब बिक्री का करीब ढ़ाई गुना 13 मार्च यानि छोटी होली को देखने को मिली।

जिले के मदिरा प्रेमियों ने पिछली बार का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया, पिछली बार के मुकाबले इस बार सिर्फ होली पर्व पर करीब डेढ़ गुना शराब की बिक्री हुई, जिससे यह कहना गलत नहीं होगा कि सरकार के खजाने में चार चांद लगाने वालों में शराबियों की अहम भूमिका है। क्योंकि शराब की बिक्री बढ़ने के साथ ही शराब पीने वाले इस होली मदमस्त भी दिखे और किसी हुड़दंग की सूचना का पहले के मुकाबले ज्यादा नहीं आने से पुलिस ने भी राहत में दिखाई दी हालांकि रमजान पाक माह में जुमे की नमाज ओर होली पर्व को लेकर प्रशासन ने अपनी तमाम व्यवस्था दुरुस्त की हुई थी बावजूद इसके इस बार होली का त्यौहार शांतिपूर्ण जिले में मनाई गई।

ज्ञात रहे कि होली पर चार यार और छलके जाम एक आम बात है, लेकिन होली को सभी अपने अपने ढंग से मनाते दिखाई पड़ते है। जितने रंग उतने उत्साहित लोग अलग अलग तरीके से होली का पर्व मनाते दिखाई पड़ते है। होली वाले दिन शराब की दुकानें दिन भर बंद रहने के बावजूद इस त्यौहार का शराब बिक्री का डाटा आम दिनों की बिक्री की अपेक्षा दो से तीन गुना तक बढ़ जाता है। आबकारी विभाग के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो चालू वित्तीय वर्ष में प्रतिदिन औसतन करीब 92.5 लाख की देसी शराब की बिक्री हुई तो अंग्रेजी शराब भी करीब 59 लाख की बिकी और लगभग बियर के शौकीनों ने अपने इस शौक पर करीब 27 लाख खर्च कर रंगों के खूब धमाल मचाया। विभाग की गणना है की होली पर्व पर बिक्री दो से तीन गुना बढ़ती रही है। इस बार भी शराब विक्रेताओं द्वारा जो माल उठाया गया वह करीब ढाई गुणा था। इसी आधार पर यह सामने आया कि होली पर्व पर इस बार दो करोड़ 30 लाख की देसी शराब, करीब डेढ़ करोड़ की अंग्रेजी शराब व 72 लाख की बीयर का माल बिका है। अधिकांश माल की बिक्री भी हुई। ऐसे में यह लगभग तय है कि पांच करोड़ से अधिक कीमत की शराब जिले के सुरा प्रेमी डकार गये।

नकली शराब पीने के कारण होने वाली घटनाओं में काफी कमी हुई है। इस बार की होली पर विभागीय सख्ती के कारण न तो दूसरे राज्यों से शराब का आगमन हुआ और ना ही कच्ची व नकली शराब बिकी। परिणाम यह रहा कि पंजीकृत दुकानों पर शराब की दुकानों पर बिक्री में काफी इजाफा हुआ है। अवैध शराब बनाने पर विभागीय रोकथाम होने के बाद पंजीकृत शराब की दुकानों से शराब बिक्री बढ़ी है। जिसके कारण सरकार को राजस्व की प्राप्ति हुई है।

राकेश बहादुर सिंह जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

योगी का बड़ा आदेशः वीकेंड पर अधिकारी करेंगे फील्ड विजिट

लखनऊ, 17 मार्च (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। रविवार को हुई वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने अधिकारियों को फील्ड में उतरने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वीकेंड पर अधिकारी अपने दफ्तरों में बैठने की बजाय जमीनी हकीकत देखने के लिए फील्ड विजिट करें। योगी ने वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी मिशन की समीक्षा के दौरान यह भी कहा कि 25 मार्च को उनकी सरकार के आठ साल पूरे हो रहे हैं, ऐसे में प्रदेशभर में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभाग अपनी उपलब्धियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रदर्शनियां लगाएंगे। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। सीएम योगी ने बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट आवंटन की समीक्षा करते हुए नाराजगी जताई कि कुछ विभागों में बजट के सापेक्ष खर्च की स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव (वित्त) को निर्देश दिया कि संबंधित विभागों की तुरंत समीक्षा करें और सुधार के लिए ठोस प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार जनहित में नीतिगत सुधार करने को तैयार है और किसी भी प्रकार की नीतिगत जड़ता को स्वीकार नहीं किया जाएगा। विभागों को नई संभावनाओं की तलाश करनी होगी और अपने प्रदर्शन में सुधार लाना होगा। सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी मिशन की सफलता के लिए हर विभाग को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि विभागों को अपनी क्षमताओं का आकलन करना चाहिए और नई रणनीतियों को लागू करना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि विभागवार समीक्षा हर पखवाड़े अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव स्तर पर हो और मासिक समीक्षा मंत्री स्तर पर की जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि समीक्षा बैठकों में केवल आंकड़ों की बाजीगरी नहीं चलेगी, बल्कि जमीनी हकीकत पर फोकस करना होगा।

भाजपा ने 27 जिला अध्यक्षों की सूची की जारी

चंडीगढ़,17 मार्च (वार्ता) हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों के 27 अध्यक्षों की घोषणा करते हुए सूची जारी की है। भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली की अनुशंसा पर अध्यक्षों की नियुक्ति की गयी। पार्टी की ओर से जारी सूची में पंचकूला से अजय मित्तल, अंबाला से मंदीप राणा, यमुनानगर से राजेश सपरा, कुरुक्षेत्र से सरदार तेजेंद्र गोड़ली, कैथल से ज्योति सैनी, करनाल से प्रवीन लाठर, पानीपत से बृजभूषण भट्ट,सोनीपत से,आकाश भारद्वाज,गोहाना (सोनीपत) से बिजेंद्र मलिक, जींद से, तेजेंद्र ढुल, रोहतक से रणवीर ढाका,झज्जर से विकास बाल्मीकि, दादरी से इंजीनियर सुनील, रेवाड़ी से वंदना पोपली, महेंद्रगढ़ से यतेन्द्र राव, गुरुग्राम से सर्वप्रिय त्यागी, पटौदी (गुरुग्राम)से अजीत यादव, नूंह से सुरेंद्र सिंह पिंटू, पलवल से विपिन बैसला, बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) से सोहनपाल सिह शामिल हैं। इसी प्रकार फरीदाबाद से पंकज पूजन रामपाल, डबवाली (सिरसा) से रेणु वर्मा, सिरसा से यतिंद्र सिह एडवोकेट, हांसी (हिसार) से अशोक सैनी, हिसार से आशा खेदड़, फतेहाबाद से प्रवीन जोडा और भिवानी से वीरेंद्र कौशिक शामिल हैं।

न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन ने पीएम मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली, 17 मार्च (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए रविवार को भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। लक्सन सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे और रायसीना डायलॉग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मोदी-लक्सन वार्ता से पहले, दोनों देशों ने एक व्यापक और पारस्परिक रूप से हितकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा की। पीएम मोदी और न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर ने हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। इसके बाद प्रेस मीटिंग में पीएम मोदी ने कहा कि लक्सन भारत से काफी लंबे समय से जुड़े हुए हैं। होली के रंगों में रंग कर उन्होंने जिस तरह से उत्सव का माहौल बनाया वो हम सबने देखा। उनके भारत के मूल के लोगों प्रति लगाव को भी इस तरह से देखा जा सकता है कि उनके साथ एक कम्यूनिटी डेलिगेशन भी भारत आया है। उनका रायसीना डायलॉग का मुख्य अतिथि होना हमारे लिए खुशी की बात है। आज हमने अपने द्विपक्षीय पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। हमने अपनी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने का निर्णय लिया है। रक्षा उद्योग जगत में भी आपसी सहयोग के लिए रोडमैप बनाया जाएगा। हिंद महासागर में हमारी नौसेनाएं मिलकर काम कर रही है। न्यूजीलैंड की सेना का जहाज दो दिन में मुंबई में पोर्ट कॉल कर रहा है। दोनों देशों के बीच एक परस्पर लाभकारी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर नेगोशिएशन करने का निर्णय लिया गया है। इससे आपसी व्